# बिहार सरकार
## परिवहन विभाग

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना

**इस योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र समर्पित करने हेतु मार्गदर्शनः–**

इच्छुक आवेदक सर्वप्रथम परिवहन विभागीय वेबसाईट transport.bih.nic.in पर जायें। होम पेज पर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के Apply Online Link पर क्लिक करें।

***Username एवं Password रजिस्ट्रेशनः–***

- सर्वप्रथम Registration करने हेतु Register Button पर क्लिक करें।
- इसके लिए चिन्हित कॉलम में "अपने मोबाइल नंबर" की प्रविष्टि करें।
- तत्पश्चात् एक "गोपनीय Password" की प्रविष्टि चिन्हित कॉलम में करें जो आप सुविधापूर्वक स्मरण रख सकें।
- उक्त व्यवहृत "गोपनीय Password" की "पुनः प्रविष्टि" चिन्हित कॉलम में करें।
- अगले कॉलम में "अपने Email Id" की प्रविष्टि करें, अन्यथा Email Id नहीं होने की स्थिति में कोई प्रविष्टि अनिवार्य नहीं है।
- अगले कॉलम में "अपने चालक अनुज्ञप्ति (D.L)" संख्या की प्रविष्टि।
- तत्पश्चात् "Register" पर क्लिक करें।

***लॉगइन***

- आपका "Username" एवं "Password" रजिस्ट्रेशन होते ही इन्हें दर्ज कर "Login" करें। Username के कॉलम में "Registered Mobile Number" तथा Password के कॉलम में "Registered Password" की प्रविष्टि करें। निम्न भाग में Login पर क्लिक करें।

***ऑनलाइन आवेदन***

- Login करने के पश्चात् "आवेदन प्रपत्र" स्क्रीन पर उपलब्ध होगा।
- आवेदन प्रपत्र के अनुसार कॉलम में अपना नाम, नाम का दूसरा भाग तथा नाम का अंतिम भाग (टाइटल) की प्रविष्टि करें।
- अगले कॉलम में 'पुरुष' एवं 'महिला' के दो विकल्प उपलब्ध होंगे। जो आपके लिए प्रासंगिक हों, उसे चयनित कर क्लिक करें।
- अगले कॉलम में पिता का नाम, यदि महिला आवेदिका हों, तो पति का नाम चयनित कर क्लिक करें तथा चयनित विकल्प के अनुसार पिता या पति का नाम प्रविष्ट करें। इसके लिए उनका नाम, नाम का दूसरा भाग तथा नाम का अंतिम भाग (टाइटल) की प्रविष्टि संबंधित कॉलम में करें।

- पता स्वरूप ग्राम, थाना एवं टोला का नाम अंकित करें। जिला का नाम, प्रखंड का नाम तथा पंचायत का नाम विकल्प के अनुसार चयनित करें। पिन कोड की प्रविष्टि करें।
- तत्पश्चात् अपने पता के जो प्रमाण उपलब्ध हों, उसका विकल्प चयनित कर Upload करें।
- अपनी कोटि का विकल्प चयनित करें अर्थात् अनु0जाति/अनु0जनजाति/या अत्यन्त पिछड़ा वर्ग। तत्पश्चात्जाति प्रमाण पत्र Upload करें।
- 'डेटपिकर' से जन्मतिथि, माह तथा वर्ष चयनित कर क्लिक करें।
- उम्र के प्रमाणस्वरूप जो प्रमाणपत्र उपलब्ध हों, उसका विकल्प चयनित कर Upload करें।
- अब आपके चालक अनुज्ञप्ति का विवरण प्रदर्शित होगा। उसकी प्रतिलिपि अपलोड करें।
- यदि ''आधार नंबर'' हो, तो संबंधित कॉलम में इसकी प्रविष्टि करें।
- अब आपका मोबाइल नंबर प्रदर्शित होगा।
- अगले कॉलम में जो वाहन क्रय करना चाहते हों, उसका विकल्प चयनित कर क्लिक करें।
- उक्त वाहन कितने बैठान क्षमता की होगी, उसका विकल्प चयनित कर क्लिक करें।
- शैक्षणिक योग्यता से संबंधित जो विवरण आवेदन के लिए प्रासंगिक हों, उसके अनुसार मैट्रिकुलेशन, इन्टरमीडियट, स्नातक, स्नातकोत्तर अथवा अन्य योग्यता का विवरण अंकित करें।
- संबंधित योग्यता की परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकित करें तथा अंकपत्र की प्रतिलिपि अपलोड करें।
- तत्पश्चात् घोषणापत्र को क्लिक करें एवं "Submit" पर क्लिक करें।
- सभी विवरण सही रूप से भरे जाने पर आपका Application Number, आपका नाम तथा आपकी जन्मतिथि की विवरणीयुक्त आवेदन समर्पित होना परिलक्षित होगा।
- उसी पृष्ठ में Print Application" को क्लिक करें तथा अपने समर्पित ''ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रतिलिपि'' प्राप्त करें।

परिवहन विभाग,
बिहार, पटना।

Copy to IT manager, Transport Department. Pl upload this information official website.

Dy Sec 1/10/18